**प्रेस विज्ञप्ति**

# एस.एम.एस. समूह-उच्चस्तरीय प्रबन्धन एवं तकनीकी शिक्षा का अग्रणी संस्थान

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित एस.एम.एस. समूह ने पिछले १५ वर्षों में प्रबन्ध शिक्षा को एक नया आयाम दिया है। काशी जैसे पौराणिक तथा सर्वविद्या की राजधानी से अपनी यात्रा प्रारम्भ कर प्रदेश की राजधानी लखनऊ तक एस.एम.एस. समूह ने अपना परचम लहराया है।

एस.एम.एस. समूह की विशेषता यह है कि संस्थान ने अपने पाठ्यक्रम को वर्तमान उदारीकरण एवं वैश्वीकरण के युग की क्षमताओं तथा अवधारणाओं से युक्त किया है। शिक्षा में प्रायोगिक तरीकों का भी समावेश किया गया है जिससे छात्र सिर्फ किताबी ज्ञान ही न अर्जित करें अपितु अपने देश तथा सामाज के निर्माण में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित कर सकें।

एस.एम.एस. समूह ने नवप्रवर्तन के विभिन्न आयामों पर गम्भीरता से विचार करते हुये प्रबन्ध को आध्यात्म से जोड़ने का महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। इसके लिये समूह ने आध्यात्मिक एवं मानव संवर्धन केन्द्र की स्थापना की, जिसके अन्तर्गत तमाम शोध–कार्य हो रहे हैं तथा पुरूषार्थ नामक शोध–पत्रिका के माध्यम से प्रबन्ध को आध्यात्म से जोड़ने वाली कड़ियों को प्रकाशित भी किया जा रहा है। उपरोक्त शोध–पत्रिका के अतिरिक्त दो अन्य शोध–पत्रिकायें मैनेजमेन्ट इनसाइट एवं कम्प्यूटिंग ट्रेण्डस् का भी प्रकाशन किया जा रहा है। एस.एम.एस. समूह में कई विशिष्टता केन्द्र (सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स) भी स्थापित किये गये हैं। इसमें प्रमुख हैं सेन्टर फॉर इन्टरनेश्नल रिलेशनस् – जिसे अन्तर्गत पिछले दो वर्षों में एस. एम.एस. समूह ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व के प्रमुख विश्वविद्यालय से शैक्षणिक सहयोग किया है जिसमें प्रमुख हैं – क्लैफलिन यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी एवं यू.एन.ई.एस.पी. ब्राजील।

एस.एम.एस. समूह में सेन्टर फॉर कॉपोरेट ट्रेनिंग की स्थापना की गई है जिसके अन्तर्गत उद्योग तथा शैक्षिणक जगत की साझा भागीदारी पर कार्य किया जाता है। सेन्टर फॉर कन्सल्टेंसी की स्थापना औद्योगिक जगत को शोध तथा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये की गई है।

वर्तमान में संस्थान में प्रबन्ध के चार उत्क ष्ट पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं जिनमें स्नात्कोत्तर स्तर पर द्विवर्षीय पी.जी.डी.एम., पी.जी.डी.एम.–इण्टरनेश्नल बिजनेस, पी.जी.डी.एम.–रिटेल मैनेजमेन्ट तथा स्नातक स्तर पर त्रिवर्षीय बी.बी.ए. पाठ्यक्रम शामिल है। कम्पयूटर साइंस के क्षेत्र में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम बी.सी.ए. तथा स्नात्कोत्तर स्तर पर एम.सी.ए. पाठ्यक्रम चल रहे हैं। इस समूह के लखनऊ स्थित संस्थान में बी.टेक, पी.जी.डी.एम. एवं बी.बी.ए. पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। सभी स्नात्कोत्तर पाठ्यक्रम पूर्णकालिक तथा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् से अनुमोदित है। स्नातक तथा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में शत–प्रतिशत परिणाम संस्था की शैक्षणिक उत्क ष्टता को दर्शाते हैं। उल्लेखनीय है कि स्नातक स्तर पर विश्वविद्यालय के टॉपर इसी संस्थान से हैं।

छात्रों के प्लेसमेन्ट की द ष्टि से भी इस संस्थान ने उत्रोत्तर काफी प्रगति की है। इस वर्ष लगभग ४७ कम्पनियाँ संस्थान में कैम्पस प्लेसमेन्ट के लिये पधारी और संस्थान के शतप्रतिशत छात्रों को रोजगार का अवसर प्रदान किया। अबतक का उच्चतम पैकेज ६ लाख रूपये सालाना तथा औसतन पैकेज २.५ लाख रू० सालाना है। पिछले १५ वर्षो से एस.एम.एस. के छात्र कॉरपोरेट जगत के उत्क ष्ट कम्पनियों में अपनी सेवायें दे रहे हैं तथा अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वाहन कर रहे हैं।

●●●